भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 544

जिसका उत्तर 16 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है

बालू भरने का कार्य

544. श्री महेश साहू:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ओडिशा के तालचेर में हांडीधुआ और देउलबेरा में बंद पड़ी भूमिगत महानदी कोल लिमिटेड की खदानों को भरने के काम में विलंब से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने घनी आबादी वाले शहर तालचेर में उन खदानों को भरने के काम को पूरा करने के लिए समय-सीमा तय की है, जो जान-माल के लिए बड़ा खतरा है, क्योंकि अतीत में जमीन के खोखला होने के कई मामले सामने आ चुके हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने कोयला निष्कर्षण के पूरा होने के बाद ओपनकास्ट माइनिंग गड्ढों को भरने के लिए समय-सीमा तय की है, क्योंकि वे भी जान के लिए खतरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : जी, हां। सरकार को बालू भराई के काम में विलम्ब जानकारी है और तदनुसार एमसीएल प्रबंधन से देउलबेरा और हांडीधुआ कोलियरीज, तलचर, ओडिशा के चिन्हित भूमिगत कामों के स्थिरीकरण के लिए कहा गया है। काम की गति स्थानीय किरायेदारों/ग्रामीणों द्वारा रुकावट, विरोध और असहयोग के कारण तथा सतह का अधिकार न होने और ऐसे चिन्हित क्षेत्रों तक पहुंच न होने के कारण निर्धारित समय से पीछे चल रही है। उक्त क्षेत्र भूमिगत से भी सुगम नहीं है क्योंकि खाली स्थान का पहले से ही पानी से भराव हो चुका है।

(ख) : कार्य के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार बालू भराई का काम दिसम्बर, 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा बशर्तें रुकवटें दूर हो जाएं और बालू भराई के काम के लिए व्यक्तिगत भूमि मालिकों से भूमि उपलब्ध हो जाए और राज्य एवं स्थानीय अधिकारियों का सहयोग मिल जाए।

(ग) : जी हां। सभी ओपनकास्ट खानों की योजना बनाई जाती है और खान को बंद करने की योजना सहित अनुमोदित खनन योजना के अनुसार संचालित किया जाता है जिसमें ओपनकास्ट खानों के गड्ढों को भरने के लिए समय सीमा निर्दिष्ट की जाती है और आमतौर पर इस तरह का संचालन खान प्रारंभण के लगभग 5 वर्षों के भीतर शुरू हो जाता है तथा खान के पूरे जीवनकाल तक चलता रहता है।

***